प्रस्तुत अंक अहमदाबाद में हाल के वर्षों में स्थापित एक नूतन शोधसंस्थान शारदाबेन चिमनभाई एज्युकेशनल रिसर्च सेन्टर की शोध पत्रिका है। जैनधर्म-दर्शन, साहित्य और भारतीय स्थापत्य कला के विश्वविख्यात मर्मज्ञ प्राध्यापक श्री मधुसूदन ढांकी तथा प्राकृत भाषा एवं साहित्य के प्रकाण्ड विद्वान्, युवा मनीषी डॉ० जीतेन्द्र बी० शाह के सम्पादकत्त्व में प्रकाशित यह शोध पत्रिका अब तक प्रकाशित जैन पत्र-पत्रिकाओं में सर्वश्रेष्ठ है। तीन भाषाओं में प्रकाशित होने वाली यह दूसरी शोध पत्रिका है। डबल डिमाई आकार में मुद्रित इस शोध पत्रिका में जैन दर्शन,भाषा, साहित्य, कला, इतिहास और पुरातत्त्व आदि विषयों पर चुने हुए श्रेष्ठ लेखों का संकलन है। इस पत्रिका की यह विशेषता है कि इसमें जहाँ एक ओर जैनविद्या के मूर्धन्य विद्वानों के लेखों को स्थान दिया गया है वहीं दूसरी ओर युवा लेखकों के शोध लेखों को भी आवश्यक महत्त्व प्रदान किया गया है। इस पत्रिका की साज-सज्जा अत्यन्त आकर्षक और मुद्रण त्रुटिरहित है। पत्रिका में लेखों से सम्बन्धित चित्रों को सर्वश्रेष्ठ आर्टपेपर पर मुद्रित किया गया है, जिससे इसका महत्त्व और भी ज्यादा बढ़ गया है। ऐसे सुन्दर प्रकाशन के लिए सम्पादक और प्रकाशक दोनों ही बधाई के पात्र हैं।

मानतुंगाचार्य और उनके स्तोत्र : लेखक-प्राध्यापक श्री मधुसूदन ढांकी और जीतेन्द्र शाह : प्रकाशक -शारदाबेन चिमनभाई एज्युकेशनल रिसर्च सेन्टर, अहमदाबाद ३८०००४; प्रथम संस्करण १९९७ ई०, पृष्ठ १२+१३४; आकार-रायल आक्टो; मूल्य-सदुपयोग।

युगादीश्वर जिन ऋषभ के गुणस्तवस्वरूप भक्तामरस्तोत्र का जैन परम्परा में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है। श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों ही सम्प्रदायों में इसे प्राय: समान प्रतिष्ठा प्राप्त है। इस अति महिम्न स्तोत्र के कर्ता श्वेताम्बर हैं या दिगम्बर, उनका समय क्या है; इस स्तोत्र की श्लोक संख्या ४४ है या ४८; इन सभी प्रश्नों का उत्तर ढूंढने का प्रयास अब तक अनेक जैन और अजैन विद्वानों ने किया है, परन्तु वे कोई निष्पक्ष और सर्वांगीण निर्णय प्रस्तुत नहीं कर सके हैं। इस पुस्तक में प्राध्यापक श्री

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मधुसूदन ढांकी ने इस स्तोत्र और उसके रचनाकार से सम्बन्धित सभी प्रश्नों का अकाट्य साक्ष्यों द्वारा सटीक उत्तर प्रस्तुत किया है। ग्रन्थ के प्रारम्भ में प्रो० जगदीश चन्द्र जैन द्वारा लिखित पूर्वावलोक, पं० दलसुख मालवणिया द्वारा लिखित पुरोवचन एवं लेखकद्वय द्वारा लिखित प्रास्ताविक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। वस्तुत: यह पुस्तक उच्च स्तर के शोधार्थियों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करेगी। आज की भीषण मंहगाई के युग में भी इस अनमोल ग्रन्थ को अमूल्य ही वितरित करना प्रकाशक की उदारता का परिचायक है। सही अर्थों में यह ग्रन्थ अमूल्य ही है। ऐसे ग्रन्थरत्न के लेखन और प्रकाशन तथा उसके नि:शुल्क वितरण के लिए लेखक, प्रकाशक और प्रकाशन हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले ट्रस्टीगण सभी अभिनन्दनीय हैं।

हिन्दी के महावीर प्रबन्ध काव्यों का आलोचनात्मक अध्ययन- लेखिका- डॉ० दिव्य गुणाश्री, प्रकाशक-विचक्षण स्मृति प्रकाशन, श्री मुनिसुव्रत स्वामी जैनमंदिर, दादासाहेबना पगलां, नवरंगपुरा, अहमदाबाद- ३८०००९; प्रथम संस्करण मई १९९८ ई०, आकार-डिमाई, पृष्ठ- १०+२७५; हार्डबोर्ड वांइडिंग, मूल्य-सदुपयोग।

जिस प्रकार पूर्वकाल में प्राकृत-संस्कृत और अपभ्रंश भाषाओं में अनेक रचनाकारों ने भगवान् महावीर के चरित्र का गुणगान किया है उसी प्रकार इस युग में राष्ट्रभाषा हिन्दी में भी विभिन्न रचनाकारों ने प्रबन्धकाव्यों के रूप में उनके जीवन चरित्र का वर्णन किया है जिसे साध्वीरत्न दिव्यगुणाश्री जी ने अपने शोध प्रबन्ध का आधार बनाया है।

शोध प्रबन्ध चार अध्यायों में विभक्त है। प्रथम अध्याय में ४ खंड हैं। इनमें पूर्व भूमिका, जैनधर्म की प्राचीनता, तीर्थंकरों की परम्परा में भगवान् महावीर और आधारभूत प्रबन्ध काव्यों का साहित्यिक परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में भगवान् का विस्तृत जीवन परिचय देते हुए उनके पारिवारिकजनों का वर्णन है। तृतीय अध्याय में प्रबन्धग्रन्थों के भावपक्ष का विवेचन है जिसके अन्तर्गत उनमें वर्णित जैनधर्म, राष्ट्रीय भावना, युगीन परिस्थितियों आदि का एक सौ पृष्ठों में विस्तृत विवेचन है। चतुर्थ अध्याय में विवेच्य प्रबन्ध ग्रन्थों के कलापक्ष पर ७० पृष्ठों में प्रकाश डाला गया है। जैन विद्या के विशिष्ट अभ्यासी डॉ० शेखरचन्द जैन के निर्देशन में तैयार किया गया यह शोध प्रबन्ध वस्तुत: साध्वी जी द्वारा विद्वत् समाज को दिया गया एक अनुपम भेंट है। पुस्तक की साज-सज्जा आकर्षक और मुद्रण त्रुटिरहित है। ग्रन्थ को नि:शुल्क वितरित करना प्रकाशक की उदारता का परिचायक है।

श्री लावण्य जीवनदर्शन : काव्यप्रणेता-आचार्य श्रीमद् विजयसुशील सूरि प्रकाशक-श्री सुशील साहित्य प्रकाशन समिति, राइका बाग, जोधपुर, राजस्थान- ३४२००१; प्रकाशन वर्ष- मई १९९७ ई०; पृष्ठ ८+१२०; आकार-रायल आठपेजी; मूल्य- २५ रूपया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तुत पुस्तक तपागच्छ के प्रसिद्ध आचार्य स्व० श्री विजयलावण्य सूरीश्वर जी महाराज का सरल हिन्दी भाषा में छन्दोबद्ध जीवन चरित्र है जो उनके प्रशिष्य आचार्य विजयसुशील सूरि द्वारा प्रणीत है। मंगलाचरण से प्रारम्भ इस ग्रन्थ में आचार्यश्री के जीवन से सम्बन्धित घटनायें बड़े ही सुन्दर रूप में वर्णित हैं। सौराष्ट्रदर्शन नामक खंड में उक्त प्रान्त के विभिन्न तीर्थों का और अनुपम साहित्यसाधना के अन्तर्गत आचार्यश्री की साहित्यिक कृतियों का सुन्दर विवेचन है। कृति के अन्त में रचनाकार की प्रशस्ति और संदर्भ ग्रन्थसूची भी दी गयी है। ग्रन्थ का मुद्रण अत्यन्त कलात्मक और त्रुटिरहित है।

श्रीलावण्यसूरिमहाकाव्यम् : प्रेणता- आचार्य श्रीमद् विजयसुशील सूरि जी म०; प्रकाशक-पूर्वोक्त, प्रकाशन वर्ष-मई १९९७; पृष्ठ १६+१५२; आकार-रायल आठपेजी; मूल्य-स्वाध्याय।

प्रस्तुत महाकाव्य आचार्यश्री लावण्यसूरि जी महाराज के जीवन पर आधारित एक उत्कृष्ट रचना है। संस्कृत भाषा में रचित इस महाकाव्य में रचनाकार ने शक्य सभी तत्त्वों समावेश किया है और इस प्रकार उन्होंने संस्कृत साहित्य को वर्तमान काल में अपनी लेखनी से समृद्ध किया है। इस महाकाव्य में मूलगाथा के साथ उसका संस्कृत और हिन्दी भाषा में अनुवाद भी दिया गया है, जिससे सामान्यजन भी इससे लाभान्वित हो सकेगें। पुस्तक की साज-सज्जा आकर्षक और मुद्रण कलापूर्ण एवं निर्दोष है।

महाराष्ट्र का जैन समाज : लेखक- श्री महावीर सांगलीकर; प्रकाशक जैन फ्रेण्ड्स, २०१, मुम्बई-पुणे मार्ग, चिंचवड़ पूर्व, पुणे ४११०१९; प्रकाशन वर्ष-अक्टूबर १९९८ ई०; आकार-डिमाई, पृष्ठ- ३२; मूल्य-१५ रूपया।

प्रस्तुत लघु पुस्तिका में विद्वान् लेखक द्वारा गागर में सागर भरने का सफल प्रयास किया गया है। यह पुस्तिका ६ अध्यायों में विभक्त है। इन में प्रस्तावना, महाराष्ट्र के जैन समाज और उसके प्रमुख व्यक्ति, स्थानीय जैन संस्थाओं आदि का बहुत ही सुन्दर विवेचन है। अन्त में परिशिष्ट (एक) के अन्तर्गत महाराष्ट्र की जैन जातियों और परिशिष्ट (दो) में जैन संस्थाओं तथा पत्र-पत्रिकाओं की सूची दी गयी है। यह पुस्तक वस्तुतः एक ऐतिहासिक दस्तावेज है अतः न केवल शोधार्थियों बल्कि जनसामान्य के भी लिये पठनीय और संग्रहणीय है।

ज्ञानार्णव : एक समीक्षात्मक अध्ययन - लेखिका - साध्वी डॉ० दर्शन लता; प्रकाशक - श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी संघ, गुलाबपुरा (राजस्थान); प्रथम संस्करण १९९७ ई; पृष्ठ २०+२५६ आकार-रायल आठपेजी; मूल्य १५० रूपया।

प्रस्तुत पुस्तक साध्वी दर्शनलता जी के शोधप्रबन्ध का मुद्रित रूप है जिस पर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

डॉ० आर० सी० द्विवेदी के निर्देशन में राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से उन्हें पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त हुई है। शोध प्रबन्ध ५ अध्यायों में विभक्त है। प्रथम अध्याय में भारतीय योग परम्परा का विस्तृत परिचय दिया गया है जिसके अन्तर्गत सिंधुकालीन सभ्यता में योग; तापस परंपरा, अवधूत परंपरा; तप का योग के रूप में विकास, पातंजल योग, राजयोग, हठयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग, कर्मयोग, जैन तथा बौद्ध योग आदि की चर्चा है। द्वितीय अध्याय में ग्रन्थकार एवं ग्रन्थ का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में ग्रन्थ के स्वरूप व रचनाशैली पर प्रकाश डाला गया है। चतुर्थ अध्याय योगांगविश्लेषण के रूप में है। इसके अन्तर्गत आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान की पात्रता-अपात्रता, शुद्धोपयोग, बहिरात्मा-अंतरात्मा-परमात्मा, ध्यान के प्रतिकूल स्थान, योग साधना में ध्यान, उपनिषदों में ध्यान संकेत, ध्यान के भेद-प्रभेद आदि की १०० पृष्ठों में चर्चा की गयी है। पांचवां और अंतिम अध्याय उपसंहार स्वरूप है। इसके अन्तर्गत योग के क्षेत्र में आचार्य शुभचन्द्र की देन, रचनाकार पर पूर्ववर्ती ग्रन्थकारों का प्रभाव तथा उत्तरवर्ती लेखकों पर शुभचन्द्र के प्रभाव की चर्चा है और अन्त में निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया है। शोध प्रबन्ध में दो परिशिष्ट भी हैं जिनमें से प्रथम में वर्तमान काल में प्रचलित विभिन्न ध्यान पद्धतियों- विपश्यना, प्रेक्षाध्यान, समीक्षण ध्यान, भावातीत ध्यान तथा रजनीश द्वारा निरूपित ध्यान पद्धतियों आदि की सक्षिप्त चर्चा है। अंतिम परिशिष्ट में संदर्भ ग्रन्थों की सूची दी गयी है जो अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। प्रो० दयानन्द भार्गव द्वारा लिखित आमुख एवं डॉ० छगनलाल शास्त्री का पर्यवलोकन पुस्तक के महत्त्व को द्विगुणित कर देते हैं। एक श्वेताम्बर साध्वी द्वारा एक दिगम्बर आचार्य के ग्रन्थ को अपने शोध प्रबन्ध का आधार बनाना ही अत्यन्त आह्लादक है। ऐसे प्रामाणिक ग्रन्थ के लेखन व प्रकाशन के लिए लेखिका और प्रकाशक संस्था दोनों ही धन्यवाद के पात्र हैं।

अध्यात्म उपनिषद् भाग १-२ : रचनाकार-महोपाध्याय यशोविजय गणि; संस्कृत व गुजराती भाषा में टीकाकार व संपादक मुनि यशोविजय जी; संशोधक आचार्य जगच्चन्द्रसूरीश्वर जी एवं जयसुन्दरविजय जी गणि; प्रकाशक - श्री अन्धेरी गुजराती जैन संघ, करमचंद जैन पौषधशाला, १०६, एस० बी० रोड, इर्लाब्रिज, अंधेरी (पश्चिम) मुम्बई-५६; प्रकाशन वर्ष - वि० सं० २०५४; प्रथम भाग - पृष्ठ २७+१५३; द्वितीय भाग २१+१५४ से ३६७; दोनों भागों का मूल्य १९० रूपया; आकार-रायल आठ पेजी।

श्वेताम्बर परम्परा के श्रेष्ठ रचनाकारों में तपागच्छीय महोपाध्याय यशोविजय जी का नाम अत्यन्त आदर के साथ लिया जाता है। उनके द्वारा रचित अनेक रचनाओं में **अध्यात्मउपनिषद्** भी एक है। इस कृति पर वर्तमान युग में तपागच्छ के ही विद्वान् मुनि श्री यशोविजय जी ने संस्कृत भाषा में **अध्यात्म वैशारदी टीका** और गुर्जर भाषा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में **अध्यात्म प्रकाश व्याख्या** की रचना की है जिनका संशोधन आचार्य श्री जगच्चन्द्र सूरीश्वर जी महाराज एवं श्री जयसुन्दरविजय जी गणि ने किया है। प्रस्तुत पुस्तक न केवल अध्यात्म प्रेमीजनों बल्कि शोधार्थियों के लिए भी अत्यन्त उपयोगी है। पुस्तक की साज-सज्जा अत्यन्त आकर्षक तथा मुद्रण दोषरहित है। यह पुस्तक प्रत्येक पुस्तकालय के लिए संग्रहणीय है।

निर्ग्रन्थ परम्परा में चैतन्य आराधना : आचार्यश्री नानेश; प्रकाशक- श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ, समताभवन, बीकानेर; प्रथम संस्करण १९९७ ई०; आकार-डिमाई; पृष्ठ ८+८७; मूल्य-१० रूपया।

बाह्याडम्बरों से दिग्भ्रान्त अशान्तचित्त मानव को अपना ध्यान चैतन्य की ओर लगाने से ही सच्ची शांति प्राप्त हो सकती है। मानव अपने चारों ओर स्वनिर्मित परिग्रहरूपी जाल में स्वयं फंस जाता है और प्रयास करने पर भी उससे छूट नहीं पाता। यदि मानव आज भी महावीर के उपदेशों पर चले, तो उसकी अनेक समस्यायें स्वत: हल हो जायेंगी। प्रस्तुत पुस्तक समताविभूति आचार्य नानेश के प्रवचनों का संग्रह है। इसमें उन्होंने अत्यन्त सरल किन्तु सारगर्भित भाषा में अपने विचार व्यक्त किये हैं जो न केवल जैन समाज बल्कि सभी मनुष्यों के लिए प्रेरणादायी है।

प्रवचनपर्व : प्रवचनकार - आचार्यश्री विद्यासागर जी; प्रकाशक - मुनिसंघ साहित्य प्रकाशन समिति, कटरा बाजार, सागर, मध्यप्रदेश; प्रथम संस्करण १९९३, पृष्ठ १४४, आकार-डिमाई, मूल्य -१० रूपया।

प्रस्तुत पुस्तक में सन्त शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा पर्युषणपर्व पर दिये गये प्रवचनों का संकलन है। शास्त्रों के गूढ़ रहस्यों को अत्यन्त सरल भाषा में जनसामान्य के समक्ष प्रस्तुत कर उसे बोधगम्य बना देना आचार्यश्री की विशेषता है। इस पुस्तक में उन्होंने पारम्परिक दृष्टान्तों की अपेक्षा मानवजीवन की दैनिक घटनाओं के उदाहरणों से अपने कथन को पुष्ट किया है, जिससे उनका हृदय पर सीधा प्रभाव पड़ता है। पुस्तक सभी के लिए पठनीय है। इसकी साज-सज्जा आकर्षक तथा मुद्रण त्रुटिरहित है।

सागरना स्मरण तीर्थे (गुजराती), लेखक - आचार्य मनोहरकीर्ति सागरसूरि तथा डॉ० कुमारपाल देसाई; संपा० - मुनिश्री अजयकीर्तिसागर एवं मुनिश्री विनय कीर्तिसागर; प्रकाशक - श्री अविचल ग्रन्थ प्रकाशन समिति, प्राप्ति स्थान - श्रीमद् बुद्धिसागरसूरीश्वर जी जैन समाधि मंदिर, स्टेशन रोड, बीजापुर-३८२ ८७०; पृष्ठ १२+३१०.

श्वेताम्बर मूर्तिपूजक गच्छों में तपागच्छ का आज सर्वोपरि स्थान है। इस गच्छ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की विभिन्न शाखाओं में सागर संविग्न शाखा भी एक है। उन्नीसवीं शताब्दी के अंतिम चरण एवं बीसवीं शताब्दी के प्रथम चरण में हुए अध्यात्मयोगी, प्रखर चिन्तक, शताधिक ग्रन्थों के रचयिता आचार्य बुद्धिसागर सूरि तपागच्छ की इसी शाखा के थे। आचार्य बुद्धिसागर सूरि के पश्चात् उनके पट्टधर कीर्तिसागर सूरि हुए। सागरसंविग्न शाखा के वर्तमान गच्छनायक श्री सुबोधसागर सूरि इन्हीं के पट्टधर हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ का प्रकाशन आचार्य कीर्तिसागर सूरि की जन्म शताब्दी और वर्तमान गच्छनायक श्री सुबोधसागर जी महाराज की आचार्यपद रजतजयन्ती महोत्सव (सं० २०२३-२०४७) के अवसर पर किया गया है। सर्वश्रेष्ठ आर्टपेपर पर मुद्रित सम्पूर्ण ग्रन्थ में बुद्धिसागर सूरि, आचार्य कीर्तिसागर सूरि और आचार्य सुबोधसागर सूरि के जीवन के विविध पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है। पुस्तक में सैकड़ों रंगीन एवं सादे चित्र दिये गये हैं। अन्त में श्रीमद् बुद्धिसागरसूरि जैन समाधि मंदिर का सचित्र विवरण दिया गया है। अत्यधिक लागत से निर्मित यह ग्रन्थ प्रत्येक श्रद्धालु उपासकों के लिये संग्रहणीय है।

रामायणनो रसास्वाद : प्रवचनकार-पूज्य आचार्यश्री रामचन्द्र सूरि जी म०; संपादक-आचार्यश्री विजयकीर्तियशसूरीश्वर जी महाराज; प्रकाशक- सन्मार्ग प्रकाशन, श्वेताम्बर मूर्तिपूजक तपागच्छ जैन आराधना भवन, पाछीयानी पोल, रिलीफ रोड, अहमदाबाद - ३८० ००१, द्वितीय संस्करण १९९५ ई०, पृष्ठ ४६०; आकार - डिमाई; मूल्य ७५ रूपया।

हिन्दू परम्परा की भांति जैन परम्परा में भी प्राचीन काल से ही राम की कथा अत्यन्त लोकप्रिय रही है और इसका प्रमाण है प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, गुजराती, राजस्थानी आदि विभिन्न भाषाओं में विभिन्न जैन रचनाकारों द्वारा राम के चरित्र का वर्णन। प्रस्तुत पुस्तक तपागच्छीय संघनायक, पूज्य आचार्य विजयरामचन्द्र सूरि द्वारा रामायण पर दिये गये प्रवचन का द्वितीय संस्करण है। इसमें १० अध्यायों में दशरथ, उनकी रानियों, राम के राज्याभिषेक की तैयारी, राम को वन भेजने का निश्चय, भरत का राज्याभिषेक, सीताअपहरण, महासती अंजनासुन्दरी, लंकाविजय, अयोध्या में रामराज्य, सीता पर आक्षेप और अन्त में सीता का दिव्य और राम के निर्वाण का वर्णन किया गया है।

सम्पूर्ण पुस्तक में रामायण के प्रमुख पात्रों - दशरथ, कौशल्या, कैकेयी, राम, लक्ष्मण, सीता, भरत, लवण, अंकुश, रावण, विभीषण, मंदोदरी, पवनंजय, महासती अंजनासुन्दरी, हनुमान, जटायु, नारद आदि के जीवन-सम्बन्धी विविध घटनाओं और आदर्शों को दर्शाते हुए उनसे मानव जीवन को ऊर्ध्वगामी बनाने की प्रेरणा दी गयी है। गजराती भाषा में होने के कारण हिन्दी भाषी इसके स्वाध्याय के लाभ से वंचित रहेंगे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुस्तक की साज-सज्जा सुन्दर और मुद्रण निर्दोष है। पक्के बाइंडिंग वाली इस पुस्तक का मूल्य लागत मात्र रखा गया है जो प्रकाशक की उदारता का परिचायक है।

अध्यात्म की अनूठी पत्रिका स्वानुभूतिप्रकाश नि:शुल्क प्राप्त करें

श्री सत्श्रुत प्रभावना ट्रस्ट, भावनगर द्वारा **स्वानुभूतिप्रकाश** नामक एक मासिक पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। यह पत्रिका जिन मंदिरों, शोध संस्थाओं, पुस्तकालयों, विद्वानों, प्रवचनकारों एवं तत्त्वजिज्ञासुओं को नि:शुल्क प्रतिमाह भेजी जाती है। जो भी संस्थायें या स्वाध्याय प्रेमी उक्त योजना का लाभ लेना चाहते हों वे अपना पूरा पता पिनकोड के साथ साफ-साफ अक्षरों में लिख कर निम्नलिखित पते पर भेजें।

संपादक - **स्वानुभूतिप्रकाश**
श्री सत्श्रुत प्रभावना ट्रस्ट,
५८०, जूनी माणेक बाडी,
भावनगर - ३६४००१
(गुजरात राज्य)

डाक टिकट भेजकर सत्-साहित्य नि:शुल्क मंगा लें

आध्यात्मिक सत्पुरुष श्री कानजी स्वामी के प्रवचनों की शृंखला में आचार्य कुन्दकुन्द कृत ग्रन्थाधिराज **समयसार** (गाथा २३७ से ३०७) पर हुए प्रवचनों का संकलन **''प्रवचन रत्नाकार भाग-८''** (पृष्ठ ४४६ कीमत २०/- रू.) तथा **''नियमसार''** (गाथा ३, ८, ९, १०, १४, १५) पर हुए प्रवचन **''कारणशुद्धपर्याय''** (पृष्ठ १२४ कीमत ६/-रू०) मगनमल सौभागमल पाटनी फेमिली चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मुनिराजों, ब्रह्मचारियों, मंदिरों, संस्थाओं, मुमुक्षुओं को स्वाध्यायार्थ नि:शुल्क भेंट स्वरूप भेजी जा रही है।

इच्छुक महानुभाव डाक खर्च के ४/- (चार रूपयें) के साफ-सुथरे (फ्रेश) टिकट भेजकर नि:शुल्क मंगा लेवें। टिकट भेजने की अंतिम तिथि ३१ जनवरी ९९है।

- नि:शुल्क साहित्य वितरण विभाग
श्री टोडरमल स्मारक भवन,
ए-४ बापूनगर, जयपुर ३०२ ०१५ (राज.)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

साभार प्राप्त

१. जीवन निर्माण - प्रवचनकार - पू० आचार्य श्री राजयशसूरि जी म० सा०, संपा० मुनि विश्रुतयशविजय जी म० सा०; प्रकाशक - लब्धि विक्रम संस्कृति केन्द्र, टी/७ए शांतिनगर, अहमदाबाद ३८० ०१३, पृष्ठ १६५, द्वितीय संस्करण १९९८ ई०, साइज डिमाई।

२. राजचिंतनिका - चिन्तनकार - पू० आचार्य राजयशसूरि जी म० सा०, प्रकाशक - श्री आलंदूर जैन संघ, चेन्नई, प्रथम संस्करण १९९८ ई०, पृष्ठ ४८, पाकेट साइज।

3. An out Line of Jainism- Author - Acharya Rajayash Surishwar Ji Maharaj. Publisher - Shri Labdhi Vikram Sanskruti Kendra. T/7 A. Shanti nagar Society. Ahmedabad - 380 013 Pocket size.

४. श्री तत्त्वसार विधान - श्री राजमल पवैया, संपा० श्री नाथूलाल जी शास्त्री; प्रकाशक - श्री भरत पवैया, संयोजन - तारादेवी पवैया ग्रन्थमाला, ४४ इब्राहिमपुरा- भोपाल - ४६२ ००१; पृष्ठ ४८; प्रथम संस्करण जनवरी १९९८ ई०, मूल्य - ६ रूपये।

५. श्री तत्त्वानुशासन विधान - श्री राजमल पवैया; संपा० डॉ० देवेन्द्रकुमार शास्त्री; प्रकाशक - पूर्वोक्त, पृष्ठ २००; प्रथम संस्करण जुलाई १९९७ ई०; मूल्य २५ रूपये।

६. **श्री तत्त्वज्ञान तरंगिणी विधान** - श्री राजमल पवैया; संपा० डॉ० देवेन्द्रकुमार शास्त्री; प्रकाशक-पूर्वोक्त; पृष्ठ ३८४; प्रथम संस्करण - अगस्त १९९७ ई०; मूल्य ४० रूपये।

७. जैनागम नवनीत प्रश्नोत्तर (आचारांगसूत्र) पुष्प ३-४-प्रश्नोत्तर लेखक - श्री तिलोक मुनि जी महाराज; प्रकाशक - श्री जैनागम नवनीत प्रकाशन समिति, C/ o श्री ललितचन्द्र मणिलाल सेठ, शंखेश्वरनगर, रतनपर, पोस्ट-जोरावर नगर, जिला - सुरेन्द्रनगर - ३६३ ०२०, गुजरात; प्रथम संस्करण - अप्रैल १९८९ ई०; पृष्ठ ३८८; मूल्य २० रूपये।

८. सम्यग्ज्ञान-दीपिका - रचयिता - क्षुल्लक धर्मदास जी; हिन्दी अनुवाद-पं० फूलचन्द जी सिद्धान्तशास्त्री; प्रकाशक - श्रीवीतराग सत् साहित्य प्रसारक ट्रस्ट, भावनगर-३६४ ००१; वीरनिर्वाण सम्वत् २५२३/१९९६ ई०; पृष्ठ ११९; आकार-डिमाई; मूल्य २० रूपया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९. विधि विज्ञान - प्रवचनकार - श्री कानजी स्वामी; संपा० श्री शशीकान्त म० सेठ; प्रकाशक - पूर्वोक्त; भावनगर वीरनिर्वाण सम्वत् २५१५/ई० सन् १९८९; पृष्ठ ७६; आकार-डिमाई; मूल्य ३ रूपया।

१०. अनुभव प्रकाश - लेखक- स्व० दीपचन्द जी कासलीवाल; प्रकाशक- पूर्वोक्त, भावनगर, वीरनिर्वाणसम्वत् २५२०/ ई० सन् १९९३; पृष्ठ ८४; आकार- डिमाई; मूल्य १० रूपया।

११. जिण सासणं सत्वं - प्रवचनकार - पूज्य श्री कानजी स्वामी; संपा०- श्री शशिकान्त म० सेठ; प्रकाशक - पूर्वोक्त, भावनगर, वीरनिर्वाण सम्वत् २५१६ / ई० स० १९८९; आकार - डिमाई; पृष्ठ १५२; मूल्य ८ रूपया।

१२. तत्त्वानुशीलन - लेखक- श्री शशीकान्त म० सेठ; प्रकाशक- पूर्वोक्त; भावनगर वीरनिर्वाण सम्वत् २५२४/ ई० स० १९९८ ई०; आकार- डिमाई; पृष्ठ १६१; मूल्य २० रूपये।

१३. दृव्यदृष्टि-प्रकाश (श्री निहालचंद सोगानी के पत्रों का संकलन एवं श्री कानजी स्वामी के प्रवचनों का संग्रह); प्रका०- पूर्वोक्त; प्रकाशन वर्ष- वीर निर्वाण सम्वत् २५१९/ ई० स० १९९२; आकार- डिमाई; पृष्ठ १९६; मूल्य १५ रूपया।

१४. निर्भ्रांत-दर्शन की पगडण्डी पर - लेखक - श्री शशीकान्त म० सेठ; अनुवादक - श्री रमेशचन्द्र सोगानी; प्रकाशक - पूर्वोक्त, प्रकाशन वर्ष - वि० सं० २०५३ ; पृष्ठ ६०; मूल्य-१० रूपया।

१५. धन्य अवतार (श्री चम्पाबहन के सम्बन्ध में श्री कानजी स्वामी के उद्गार); प्रकाशक-पूर्वोक्त, पृष्ठ ३८ ।

१६. मुमुक्षुता का आरोहणक्रम - विवेचक - श्री शशीकान्त म० सेठ; प्रका० - पूर्वोक्त, प्रकाशन वर्ष १९८९ ई०, पृष्ठ १३६; मूल्य - १५ रूपये।

जैन जगत्

इन्दौर में आचार्यसम्राट श्री देवेन्द्रमुनि जी महाराज के सान्निध्य में विविध आयोजन

आचार्यसम्राट श्री देवेन्द्रमुनि जी महाराज के चातुर्मासार्थ विराजने से यहां पर धर्मकी अभूतपूर्व प्रभावना हुई। उनके दैनिक प्रवचन में देश के विभिन्न भागों से श्रद्धालुगण पहुंचे। दि० ६ अगस्त को आचार्यश्री ने श्री प्रेमसुख जी महाराज व ७ अगस्त को मरुधरकेशरी श्री मिश्रीमलजी महाराज के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तृत

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाश डाला। ८ अगस्त को उन्होंने रक्षाबंधन के पावनपर्व के अवसर पर उसके महत्त्व की विवेचना की । दिनांक ९ अगस्त को मासखमण करने वाले ११ तपस्वियों का सम्मान किया गया। १४ अगस्त को जन्माष्टमी के शुभपर्व पर आचार्य श्री ने कर्मयोगी श्रीकृष्ण के जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। १५ अगस्त को स्वाधीनता दिवस के अवसर पर उन्होंने राष्ट्र के नाम संदेश दिया । १७ अगस्त को उनके द्वारा प्रतिभाशाली बालक-बालिकाओं का सम्मान किया गया।

१९ अगस्त से २६ अगस्त तक पर्युषण पर्व के अवसर पर प्रतिदिन अपने आध्यात्मिक प्रवचनमाला के अन्तर्गत आचार्यश्री ने दान, दीक्षा, नारी जीवन की महत्ता, संवत्सरीमहापर्व आदि महत्त्वपूर्ण विषयों की सविस्तार चर्चा की।

दिनांक ३१ अगस्त को सामूहिक क्षमापना का आयोजन किया गया जिसमें तेरापंथी समुदाय की महासती श्री कनकरेखा जी, कई मंदिरमार्गी संत तथा गुजराती समाज की महासती श्री भारती बाई व गौतम मुनि आदि के प्रवचन हुए।

दिनांक ३ सितम्बर को श्रमण संघ के प्रथम पट्टधर आचार्यसम्राट आत्माराम जी महाराज की जयन्ती सोल्लास मनायी गयी। ५ सितम्बर को एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी जिसमें महासती स्व० श्री सोहनकुंवर जी और स्व० रूपेन्द्र मुनि जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसी दिन आचार्य श्रीजयमल की भी जयन्ती मनायी गयी।

दिनांक २८ सितम्बर से ४ अक्टूबर तक उपाध्याय पुष्कर मुनि जी महाराज की जयन्ती मनायी गयी। जयन्ती कार्यक्रम के अंतिम दिन ४ अक्टूबर को मुख्य आयोजन रहा जिसमें राजस्थान सरकार के शिक्षामंत्री श्री गुलाबचन्द्र कटारिया ने प्रमुख अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर श्वे० स्थानकवासी जैन कान्फ्रेन्स के अध्यक्ष श्री हस्तीमल मुणोत, महामंत्री श्री माणकचंद जी कोठारी, समाजरत्न श्री हीरालाल जैन तथा समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में देश के विभिन्न भागों से पधारे भक्तजन उपस्थित थे। सुप्रसिद्ध उद्योगपति श्री नेमनाथ जैन ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया और आचार्यश्री के सानिध्य में पौष्टिक आहार (गर्भवती गरीब महिलाओं हेतु) वितरण, रोगमुक्ति, व्यसन मुक्ति एवं ज्ञान-ध्यान की अपनी योजनाओं का शुभारम्भ किया जिसकी सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

आचार्यश्री देवेन्द्रमुनि जी महाराज का जन्मदिवस होने से धनतेरस के दिन विभिन्न वक्ताओं ने आचार्यश्री के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। दीपावली के पावन पर्व पर अपने उद्बोधन में आचार्यश्री ने लौकिक दीपावली के साथ-साथ आध्यात्मिक दीपावली मनाने का आग्रह किया। इन्दौरवासियों के लिए यह अत्यन्त सौभाग्य की

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

बात है कि पूज्य आचार्यसम्राट की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से श्री नेमनाथ जी द्वारा पार्श्वनाथ विद्यापीठ की एक शाखा का इन्दौर में दिनाक १५ नवम्बर से शुभारम्भ हुआ है।

राजकोट में आगमसूत्र का विमोचन सम्पन्न

रायलपार्क, राजकोट ३० अगस्त:

स्थानकवासी जैन उपाश्रय में गुजरात के मुख्यमंत्री श्री केशूभाई पटेल के सानिध्य में **जैनागम नवनीत प्रश्नोत्तर-आचारांगसूत्र पुष्प ३-४** की विमोचन विधि एवं गुजराती भाषा में विवेचन युक्त आगम की समर्पण विधि का कार्यक्रम ३० अगस्त को सम्पन्न हुआ। पुस्तक का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री जी ने मुनिराज श्री तिलोकमुनि जी का अभिवादन करते हुए आचार की आवश्यकता से अपना वक्तव्य प्रारम्भ किया जो धार्मिक विचारों के साथ करीब ४० मिनट तक चला।

"जैन परम्परा में तीर्थंकरों की अवधारणा" विषयक संगोष्ठी सम्पन्न

उदयपुर १९-२० सितम्बर : समताविभूति आचार्य श्री नानेश एवं युवाचार्य श्री रामेश के सानिध्य तथा आगम, अहिंसा, समता एवं प्राकृत संस्थान, उदयपुर के सहयोग से श्री नवचेतना समता युवा मंच द्वारा विगत १९-२० सितम्बर को **जैन परम्परा में तीर्थंकरों की अवधारणा** विषय पर द्विदिवसीय विद्वत् संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के संयोजक और आगम, अहिंसा, समता एवं प्राकृत संस्थान के प्रभारी डॉ० सुरेश सिसोदिया ने विषय प्रवर्तन किया। संगोष्ठी के प्रथम सत्र में पार्श्वनाथ विद्यापीठ के प्रवक्ता, युवा विद्वान् डॉ० श्रीप्रकाश पाण्डेय ने तीर्थंकर अरिष्टनेमि पर अपना महत्त्वपूर्ण शोधनिबन्ध प्रस्तुत किया। इस सत्र में डॉ० उदयचन्द जैन एवं डॉ० मंजू सिरोया ने भी अपने शोधपत्रों का वाचन किया। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में डॉ० धर्मचन्द जैन; डॉ० जगतराम भट्टाचार्य और डॉ० प्रेमसुमन जैन ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किये। २० सितम्बर को संगोष्ठी के तृतीय सत्र में डॉ० सुरेश सिसोदिया और डॉ० आर० एम० लोढ़ा ने अपने शोध पत्र पढ़े। संगोष्ठी के अंतिम सत्र में उसी दिन डॉ० हुकुमचन्द जैन, डॉ० जीतेन्द्र बी० शाह, श्री कमल भूरा और डॉ० देव कोठारी के शोधपत्र प्रस्तुत हुए। संगोष्ठी के समापन समारोह में अखिल भारतीय साधुमार्गी जैनसंघ, बीकानेर के पदाधिकारी गण भी बड़ी संख्या में पधारे। समारोह के मुख्यअतिथि श्री सागरमल जी चपलोत ने सभी विद्वानों को श्री नवचेतना समता युवा मंच की ओर से स्मृतिचिन्ह भेंट किया। संगोष्ठी के सभी सत्रों का सकुशल संयोजन एवं संचालन डॉ० सुरेश सिसोदिया ने किया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महाराष्ट्रप्रान्तीय जैन श्रावक संघों का शिविर सम्पन्न

मुम्बई ३० सितम्बर : श्रमणसंघीय महामंत्री श्री सौभाग्यमुनि 'कुमुद' के सानिध्य और जैन कान्फ्रेन्स के उपाध्यक्ष श्री शांतिलाल जी छाजेड़ की अध्यक्षता में महाराष्ट्र प्रान्त के विभिन्न जैन श्रावक संघों के उच्च पदाधिकारियों का एक दिवसीय मार्गदर्शन शिविर पिछले दिनों नेमाडी बाड़ी, ठाकुरद्वार में सम्पन्न हुई। इस शिविर में बड़ी संख्या प्रत्येक जिले के जैन संघ के अध्यक्ष व मंत्री सम्मिलित हुए।

देश की अखण्डता सन्तों पर निर्भर है-

आचार्य विमलसागर जी

टीकमगढ़: सुप्रसिद्ध विचारक, जैनाचार्य श्री विमलसागर जी ने पिछले दिनों पार्श्वसागर त्यागी व्रती भवन के प्रांगण में अपनी प्रवचनमाला के अन्तर्गत भारी संख्या में एकत्रित जनसमुदाय के बीच कहा कि देश की अखण्डता प्राचीन काल से ही सन्तों के ऊपर निर्भर रही है और आज भी उन्हीं पर है। उन्होंने कहा कि सन्तों द्वारा समय-समय व्यक्त पर किये गये सद्विचार ही हमारे जीवन में आदर्श बनकर अन्धकार से निकाल कर प्रकाश की ओर ले जाते हैं। देश की वर्तमान राजनीति की चर्चा करते हुए उन्होंने लोगों के नैतिक मूल्यह्रास पर अत्यन्त दुःख प्रकट किया और कहा कि विश्वशांति के लिए राजनीति में धर्म का प्रवेश और सन्तों का मार्गदर्शन राष्ट्र की एकता और अखण्डता के लिए अनिवार्य है।

श्री ऋषिमंडल पूजाविधान सम्पन्न

कानपुर ३० सितम्बर : महानगर कानपुर में चातुर्मास कर रहे परमपूज्य उपाध्याय श्री विद्यासागर जी महाराज के सानिध्य में दि० २१ सितम्बर से २९ सितम्बर तक अष्टदिवसीय **श्री ऋषिमंडल पूजाविधान** सानन्द सम्पन्न हुआ।

मुनिश्री सुमनकुमार जी महाराज की ४९ वीं दीक्षा जयन्ती सम्पन्न

चेन्नई ४ अक्टूबर : श्रमणसंघीय सलाहकार मुनिश्री सुमनकुमार जी की दीक्षा की ४९ वीं जयन्ती यहां सोल्लास मनायी गयी। इस अवसर पर श्री रिखबचन्द जी लोढ़ा, श्री किशनलाल जी वैताला, श्री भँवरलाल जी सांखला आदि विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने मुनिश्री के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर जरूरतमन्द लोगों को भोजन-वस्त्र आदि प्रदान किये गये। एक प्रस्ताव पास कर यह भी निर्णय लिया गया कि सम्पूर्ण तमिलनाडु में स्थित जैन स्थानकों की एक सूची का प्रकाशन और सम्पूर्ण राज्य में साधु-साध्वियों के विचरण की व्यवस्था की जाये।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भगवान् ऋषभदेव राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन सम्पन्न

४-६ अक्टूबर : जम्बूद्वीप हस्तिनापुर में गणिनीप्रमुख आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमती माता जी के सानिध्य में भगवान् ऋषभदेव राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन सम्पन्न हुआ जिसमें २० कुलपति/प्रतिकुलपति तथा देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के जैन विद्या विभागों, जैनपीठ तथा जैनधर्म-दर्शन के १०८ विद्वान् सम्मिलित हुए। तीन दिनों के ६ सत्रों में तिब्बती उच्च शिक्षा केन्द्र, वाराणसी के प्रो० एस० रिम्पोछे, जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलपति प्रो० अलादीन अहमद; महेशयोगी विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति प्रो० आद्याप्रसाद मिश्र, गुलवर्गा विश्वविद्यालय, गुलवर्गा के कुलपति प्रो० मुनियम्मा, मैसूर विश्वविद्यालय, मैसूर के कुलपति प्रो० एस० एन० हेगड़े, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो० एम० एस० रंगा आदि २० कुलपतियों ने भगवान् ऋषभदेव की शिक्षाओं, वैदिक ग्रन्थों में भगवान् ऋषभदेव के उल्लेखों, जैनधर्म का भारतीय संस्कृति पर प्रभाव, पर्यावरण-संरक्षण के सम्बन्ध में जैनधर्म की भूमिका और समाज व्यवस्था-राजनैतिक अवस्था आदि पर अपने विचार व्यक्त किये। इस पुण्य अवसर पर समागत विद्वानों द्वारा जम्बूद्वीप घोषणापत्र स्वीकार किया गया, जिसके अन्तर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से जैन अध्ययन केन्द्रों की स्थापना एवं तद्विषयक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने का अनुरोध किया गया। इस सम्मेलन में विभिन्न प्रशासनिक प्रतियोगी परीक्षाओं में प्राकृत भाषा को भी स्थान देने की केन्द्र व राज्य सरकारों से मांग की गयी और विभिन्न विश्वविद्यालयों में वर्ष में एक दिन ऋषभदेव समारोह आयोजित करने तथा वर्तमान में जैनविद्या में कार्यरत अध्ययन केन्द्रों व शोधपीठों में प्राध्यापकों के समुचित पद स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया।

इसी अवसर पर शरदपूर्णिमा के दिन आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमती माता जी की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से ऋषभदेव राष्ट्रीय विद्वत् महासंघ की स्थापना भी की गयी। जैन विद्या के लब्ध प्रतिष्ठित विद्वान् प्रो० प्रेमसुमन जैन इसके प्रथम अध्यक्ष मनोनीत किये गये और डॉ० अनुपम जैन, डॉ० शेखरचन्द जैन को क्रमशः महामंत्री और कार्याध्यक्ष पद का कार्यभार दिया गया। इस संघ के परामर्श मंडल में प्रो० भागचन्द जैन तथा ब्रह्मचारी रवीन्द्रकुमार को स्थान दिया गया।

आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमती माता जी के जन्मदिन के अवसर पर दि० त्रिलोक शोध संस्थान के उदार सहयोग से गणिनी ज्ञानमती शोधपीठ की भी स्थापना की गयी। विक्रमविश्वविद्यालय उज्जैन के पूर्व कुलपति प्रो० आर० आर० नादगांवकर इस

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शोधपीठ के निदेशक नियुक्त किये गये। जैन विद्या के क्षेत्र में शोध करने के इच्छुक निम्नलिखित पते पर आवेदन करें।

गणिनी ज्ञानमती शोधपीठ
C/o दि० जैन त्रिलोक शोध संस्थान
जम्बूद्वीप, हस्तिनापुर - २५०४०४ (मेरठ),
उत्तर प्रदेश

पार्श्वनाथ विद्यापीठ परिसर का इन्दौर में शुभारम्भ

श्रीवर्धमान सेवा केन्द्र, इन्दौर के तत्त्वावधान में दिनांक १५ नवम्बर १९९८ को आचार्यसम्राट श्री देवेन्द्रमुनि जी महाराज की पावन निश्रा में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी के इन्दौर परिसर का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर बोलते हुए आचार्यश्री ने कहा कि आध्यात्मिक शिक्षण द्वारा आत्मा का अंतर्वृत्तियों को शिक्षित किया जा सकता है। यह शिक्षा सदैव कल्याणकारी होता है क्योंकि यह महत्त्वाकांक्षा नहीं अपितु नम्रता लाता है; विनय और विवेक को जागृत करता है। आचार्यश्री ने आगे कहा कि ज्ञान ज्योति है और अज्ञान अन्धकार है। ज्ञान आत्मा का निजगुण है और उसे प्रकट करने के लिये ही पार्श्वनाथ विद्यापीठ की स्थापना हो रही है। पूज्यश्री शालिभद्रजी महाराज के मंगलाचरण से प्रारम्भ हुए समारोह में महासती श्रीकनकरेखा जी, महासती श्री शांतिकुंवर जी, महासती श्री ललितप्रभाजी, श्री गौतममुनि जी, श्री जगतचन्द्र विजय जी महाराज और श्री नरेशमुनि जी महाराज ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री दीपचन्द गार्डी एवं अध्यक्ष श्री इन्द्रभूति बरार थे। पद्मश्री श्री बाबूलाल पाटोदी, डॉ० प्रकाश बांगानी, श्री हीरालाल पारिख, श्री जोधराज लोढ़ा, श्री सुजानमल बोरा, श्री लक्ष्मीचंद मंडलिक, श्री शांतिलाल धाकड़, डॉ० एन० पी० जैन (पूर्व राजदूत) इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री वर्धमान सेवा केन्द्र के अध्यक्ष श्री नेमनाथ जैन ने अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि पार्श्वनाथ विद्यापीठ के इंदौर परिसर की पूरी योजना एक करोड़ रूपये की हैं तथा इसके लिए भवन निर्माण हेतु पृथक से उपयुक्त जमीन की तलाश की जा रही है। पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी में पिछले साठ वर्षों से संचालित है। इंदौर के परिसर के निदेशक होंगे डॉ० सागरमल जैन, जिन्होंने बीस वर्षों के अथक प्रयासों से विद्यापीठ को विश्वविख्यात बनाया। उनके मार्गदर्शन में जैन धर्म पर अब तक चालीस विद्यार्थी पी-एच० डी० प्राप्त कर चके हैं। इंदौर में परिसर खलने से यहां के विद्वानों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और जिज्ञासु विद्यार्थियों को भी आध्यात्मिक विषयों के अध्ययन और शोधकार्य की प्रेरणा मिलेगी ताकि वे जैन विद्या के विविध आयामों को उद्घाटित कर सकें।

आपने बताया कि इंदौर परिसर में फिलहाल आठ हजार दुर्लभ धर्मग्रंथों का पुस्तकालय है। इसमें शीघ्र ही तीन हजार पुस्तकें और आने वाली हैं। पत्रकार वार्ता में उपस्थित श्री शांतिलाल धाकड़, श्री जयंतीभाई संघवी एवं श्री एन० के० जैन ने बताया कि पी-एच० डी० और डी० लिट्० के लिए शोध कार्य के साथ इस विद्यापीठ में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर अन्य विषयों के पाठ्यक्रम भी चलाये जाएंगे। ये हैं- जैन विद्या (धर्म, दर्शन, समाज एवं संस्कृति), प्राकृत भाषा एवं जैन साहित्य, तनाव प्रबंधन, 'नैदानिकी मनोविज्ञान, ध्यान एवं योग तथा अहिंसा, शांति शोध एवं मूल्य शिक्षा।' इसके अतिरिक्त, विद्यापीठ **जैन विद्या मनीषी** और **जैन विद्या वाचस्पति** जैसी उपाधियों हेतु कक्षाएं भी संचालित करेगा। देश के लब्धप्रतिष्ठित जैन विद्वानों ने विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में आकर शोध-अध्ययन-संपादन को गतिशील बनाने के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी श्री शांतिलाल धाकड़ का श्री श्वेताम्बर जैन स्थानकवासी समाज की ओर से अभिनंदन किया गया। अभिनंदन का वाचन श्री जिनेश्वर जैन ने किया।

अभिनंनदनपत्र श्री गार्डी, श्री नेमनाथ जैन, श्री पाटोदी और डॉ० प्रकाश बांगानी ने भेंट किया। श्री धाकड़ ने कहा कि मैं समाज में समन्वय, संगठन और विकास के लिए कार्य करता रहूंगा उन्होंने समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर **जैनिज्म इन ग्लोबल पर्स्पेक्टिव, जैन कर्मोलॉजी** और **अपरिग्रह 'द ह्यूमन सोल्यूशन'** पुस्तकों का विमोचन श्री गार्डी, डॉ० बांगानी और श्री पाटोदी ने किया। इस अवसर पर आचार्यश्री देवेन्द्र मुनिजी की पुस्तक **श्रावकव्रत, आराधना एवं श्रावक के चौदह नियम** पुस्तक का भी विमोचन किया गया। पार्श्वनाथ विद्यापीठ द्वारा प्रकाशित नवीन पुस्तकों का सेट श्री इन्द्रभूति बरार द्वारा आचार्य देवेन्द्र मुनि के चरणों में अर्पित किया गया। पार्श्वनाथ विद्यापीठ, इन्दौर परिसर के निदेशक डॉ० सागरमल जैन ने विद्यापीठ की कार्ययोजना व उद्देश्य की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। पार्श्वनाथ विद्यापीठ के प्रशासनिक अधिकारी, प्रसिद्ध विद्वान् डॉ० श्रीप्रकाश पाण्डेय भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि श्री दीपचंद गार्डी ने बोलते हुए कहा कि हमें ज्ञान एवं ज्ञानियों की पूजा करनी चाहिए। उनका सम्मान करना चाहिए, ज्ञानियों के माध्यम से ही हमें ऐसे विद्यापीठ संचालित करने में सहयोग मिलता है। आज जैन धर्म का विशद् अध्ययन आवश्यक है, इन्दौर में इसका शुभारम्भ एक सुखद संयोग है। इसके माध्यम

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

से समाज के सभी वर्ग, संत-सती एवं धर्म में रुचि रखने वालों की जिज्ञासा शांत होगी, वहीं इस कार्य द्वारा देश की सेवा भी होगी। पद्मश्री श्री पाटोदी ने भी इस अवसर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। समारोह का संचालन श्री हस्तीमल झेलावत और आभार प्रदर्शन श्री अनिल भंडारी ने किया।

सम्राट खारवेल स्मृति पुस्तकालय भवन का शिलान्यास सम्पन्न

नई दिल्ली १९ नवम्बर : कुन्दकुन्द भारती, नई दिल्ली के परिसर में सम्राट खारवेल स्मृति पुस्तकालय भवन का उड़ीसा के मुख्यमंत्री माननीय श्री जानकी वल्लभ पटनायक के करकमलों द्वारा दिनांक २९ नवम्बर को आयोजित एक भव्य समारोह में शिलान्यास किया गया। पूज्य आचार्य श्री विद्यानन्द जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता प्रसिद्ध उद्योगपति साहू श्री रमेशचन्द जैन ने की। इस समारोह में बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्ध वर्ग उपस्थित थे।

जैनधर्म-दर्शन का शरद्कालीन शिक्षण शिविर सम्पन्न

दिल्ली १६ अक्टूबर: भोगीलाल लहेरचन्द इस्टिट्यूट ऑफ इण्डोलाजी, दिल्ली में प्रथम बार १५ दिवसीय शरद्कालीन विशेष शिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। दि० ३ अक्टूबर से प्रारम्भ हुए इस शिविर का उद्घाटन टाइस ऑफ इण्डिया के प्रबन्ध सम्पादक साहू रमेशचन्द्र जैन ने किया। इस शिक्षण शिविर में देश भर से चुने हुए ३५ अध्येताओं ने भाग लिया। १६ अक्टूबर को अयोजित समापन समारोह के अवसर पर श्री के० पी० ए० मेनन, कुलाधिपति, श्री लालबहादुरशास्त्री केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली, प्रो० वाचस्पति उपाध्याय, प्रखर चिन्तक प्रो० नामवर सिंह, प्राकृत भाषा एवं साहित्य के मूर्धन्य विद्वान् स्वनामधन्य प्रो० सत्यरंजन बनर्जी तथा भारत सरकार के कई उच्चपदाधिकारी उपस्थित थे। अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने शिविर के आयोजकों की सराहना की और अपने सुझाव भी दिये।

श्रीमती विनय जैन का अनुकरणीय प्रयास

अन्य भारतीय समाजों की भांति जैन समाज में भी बढ़ते हुए आडम्बरों, फिजूलखर्ची, त्योहारों पर उपहारों के आदान-प्रदान आदि को रोकने के लिए अखिल भारतीय श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कान्फ्रेन्स की महिला शाखा की नवनिर्वाचित अध्यक्षा श्रीमती विनय जैन ने उक्त कुप्रथा के विरोध में समाचार पत्रों और सभी स्थानकों में इस्तहार लगवा कर एक अनुकरणीय कार्य किया है और इसमें बहुत अंशों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में उन्हें सफलता भी मिली है। श्रीमती जैन ने अपने इस प्रयास की सफलता से उत्साहित होकर अब दहेज विरोधी अभियान प्रारम्भ करने का निश्चय किया है और इस कार्य में समाज से आपेक्षित सहयोग की मांग की है।

अखिल भारतीय श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कान्फ्रेन्स (महिला शाखा) का अधिवेशन सम्पन्न

लुधियाना २९ नवम्बर: श्री अखिल भारतीय श्वे० स्थानकवासी जैन कान्फ्रेन्स (महिला शाखा) का एक दिवसीय अधिवेशन स्थानीय आत्मवल्लभ पब्लिक सीनियर हायर सेकेन्डरी स्कूल के विशाल प्रांगण में सोल्लास सम्पन्न हुआ, जिसमें समाज की प्रबुद्ध महिलाओं एवं पदाधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर पच्चीस लाख रूपयों की राशि से महिलाकल्याणकोष की भी स्थापना की गयी। इस कोष के ब्याज से अर्जित धनराशि का उपयोग महिला कल्याण के कार्यों में किया जायेगा।

डॉ० फूलचन्द जैन 'प्रेमी' पुरस्कृत

पार्श्वनाथ विद्यापीठ के पूर्व शोधछात्र और वर्तमान में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के जैन दर्शन विभाग के अध्यक्ष डॉ० फूलचन्द जैन 'प्रेमी' को पिछले दिनों दि० जैन अतिशय क्षेत्र देहरा तिजारा (अलवर-राजस्थान) में उपाध्याय श्री ज्ञानसागर जी म० सा० के सानिध्य में श्रुत संवर्धन संस्थान, मेरठ की ओर से आयोजित समारोह में बिहार के राज्यपाल श्री सुन्दरसिंह भंडारी ने प्रशस्तिपत्र, अंग वस्त्र एवं जैनरत्न की मानद् उपाधि से विभूषित करते हुए वर्ष १९९८ के **सुमतिसागर स्मृतिपुरस्कार** से सम्मानित किया। इसी समारोह में श्री नरेन्द्रप्रकाश जैन एवं श्री चेतनप्रकाश पाटनी को भी इसी प्रकार सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। पार्श्वनाथ विद्यापीठ परिवार डॉ० प्रेमी की इस उपलब्धि पर उनका हार्दिक अभिनन्दन करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शोक समाचार

डॉ० (श्रीमती) कमलप्रभा जैन के पिता की दुःखद मृत्यु

पार्श्वनाथ विद्यापीठ की पूर्व प्रवक्ता एवं डीजल रेल कारखाना, वाराणसी पूर्व महाप्रबंधक श्री राजेन्द्र कुमार जैन की पत्नी डॉ० (श्रीमती) कमल प्रभा जैन के पिता जम्मू निवासी श्री बलवन्त राय जैन का दिनांक १६-१२-९८ को एक व दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। आप सफल व्यवसायी, धर्म परायण उदारमना सुश्रावक थे। धर्म और साधु सन्तों के प्रति आपकी अटूट श्रद्धा सामाजिक और धार्मिक प्रवृत्तियों में आप सदैव अग्रणी रहते थे। आप नारी शिक्षा प्रति विशेष रूप से समर्पित थे। आप ने अपनी पुत्रियों को उच्च शिक्षा तो दी ही साथ ही समाज में भी लोगों को नारी शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

आप इतने सरल स्वभाव और साधुवृत्ति के थे कि दुर्घटना वाले दिन भी सुबह तीन बजे से अपनी धर्मपत्नी को उत्तराध्ययन सूत्र पढ़कर सुनाते रहे और संस का मोह त्यागने की प्रेरणा देते रहे। आप अपने पीछे दो पुत्र, तीन पुत्रियाँ तथा न पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं।

पार्श्वनाथ विद्यापीठ में आपकी दुःखद मृत्यु का समाचार सुनते ही एक श सभा आयोजित कर आपको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी तथा मृतात्मा शान्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

जैन भवन जम्मू में भी आपके शोक में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित व गयी जिसमें समग्र जैन समाज के प्रतिनिधियों ने आपको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर

❖

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org